## सार-समाचार

### हैड इंजरी में सहायक तकनीकों पर चर्चा

**जोधपुर**, (कासं) । राजस्थान सोसायटरी ऑफ ऐनेस्थीसियोलोजिस्ट की मरूगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय कांफ्रेंस व वर्कशॉप में दूसरे दिन भी फैकल्टी व डेलिगेट्स में कार्यक्रम को लेकर जोरदार उत्साह रहा। कांफ्रेंस डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज निश्चेतना विभाग की मेजबानी में हो रहा है। आयोजन सचिव डॉ. गीता सिंगारियां ने बताया कि हैड इंजरी में सहायक नवीन तकनीकों पर एम्स दिल्ली प्रो. डॉ. बबीता गुप्ता, एयरवे की विभिन्न तकनीकों पर डॉ. आपेक्ष पटवा, वेंटिलेटर की नवीन तकनीकों पर डॉ. जितेन्द्र सोनी, डॉ. मोहन गुर्जर, डॉ. डालिम आचार्य द्वारा विचार व्यक्त किया गया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. सरिता जनवेजा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पदमश्री डॉ. माया टण्डन ने किया। गेस्ट ऑफ ऑनर, मारवाड़ मेडिकल विवि के कुलपति डॉ. महेन्द्र कुमार आसेरी, एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीडी पुरी, डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ भारती सारस्वत,सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जेवी दिवातिया, जीसी मेंबर डॉ. रामाकिशन रेड्डी, डॉ. सुरेश भार्गव, राजस्थान सोसायटी ऑफ एनस्थिसियो लोजिस्ट के राज्य अध्यक्ष डॉ. सुशील भाटी, जोधपुर शहर के अध्यक्ष एवं साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. राकेश कर्नावत ,आयोजन कोषाध्यक्ष डॉ. चन्द्रा खत्री, वर्कशाप कार्डिनेटर डॉ. भरत पालीवाल मौजूद रहे। आईसीयू में मरीजों की देखभाल एवं डायग्नोसिस के लिए पाइन्ट ऑफ अल्ट्रा साउण्ड कार्यशाला का संचालन डॉ. कपिल देव सोनी एवं डॉ. मृत्युंजय द्वारा साथ दर्द निवारण की विभिन्न तकनिकियों की कार्यशाला का संचालन एम्स मंगलागिरी के आचार्य डॉ. घनश्याम बिखानी ने किया।

### पाली में 3 लैब पर अनियमितताएं मिली

**पाली**, (नि.सं.)। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने शनिवार को पाली शहर के तीन लैब का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन लैब में कई तरह की कमियां पाई गई। इन कमियों को एक सप्ताह में सुधारने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग की टीम ने शनिवार को पाली शहर में बांगड़ अस्पताल के आसपास संचालित हो रही तीन लैब (प्रयोगशाला) कृष्णा लैब ,लाल पेथ लैब सेंटर ,और एम बालाजी वी डायग्नोस्टिक सेंटर पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी संस्थान पर क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त संस्थानों पर अनेक कमियाँ पायी गई यथा बायो मेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नहीं होना, पर्याप्त एवं प्रशिक्षित स्टाफ की कमी इत्यादि । संस्थान अवैध रूप से संचालित हो रहा था। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने तीनों लैब के संचालक को चेतावनी देते हुए सात दिवस में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी । सीएमएचओ ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही अभियान रूप में संपूर्ण ज़िले में की जाएंगी , अत: सभी लैब संचालक नियमानुसार कार्य करें ।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए यूथ कांग्रेस का अभियान

**जोधपुर**, (कासं) । यूथ कांग्रेस के सभांग प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकार जनता से जुड़े मुद्दों को गौण करके घूमने फिरने में व्यस्त है जिसके कारण प्रदेश और देश में हालात विकट होते जा रहे हैं। बरसात के सीजन में इस बार देश और प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ के हालात बने और सैंकड़ों लोग इसकी चपेट में आने से शारीरिक और आर्थिक रूप से नुकसान में रहे दूसरी तरफ बरसात के कारण टूटी सडक़ों के कारण प्रदेश में आवागमन पूरी तरह से प्रभावित है। वे जोधपुर प्रवास पर बाढ़ पीड़ितों को सहयोग के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से शुरु की गई क्राउड फंडिंग के बारे में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बाढ़ के कारण देश में हालात खराब है। कोरोना के वक्त पीड़ितों को राहत देने के लिए यूथ कांग्रेस की ओर से एसओएस योजना में क्राउड फंडिंग करके जरूरतमंदों को सहयोग राशि और सामठी बांटी गई थी। इस बार भी राष्ट्रीय स्तर पर यूथ कांग्रेस क्राउड फंडिंग करेगा। प्रदेश के यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को दस करोड का लक्ष्य दिया गया।

### आर.टी.ओ. टीम ने रोका, ट्रक भिड़े

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर-पाली हाईवे 62 पर शनिवार को दो ट्रकों के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई जिसके चलते हाईवे पर लम्बा जाम लग गया। ऐसे में जाम में फंसे लोगों को खासी परेशानी का सामने करना पड़ा। हादसे का कारण आरटीओ के कर्मचारियों द्वारा एक ट्रक को अचानक रुकवाना सामने आ रहा है। हादसा कुड़ी भगतासनी व विवेक विहार थाने की सीमा क्षेत्र में हुआ है। ऐसे में दोनों थाना पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा। जानकारी के अनुसार मोगड़ा व कुड़ी के बीच हाईवे पर एक ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा ट्रक उससे भिड़ गया। ब्रेक लगाने वाले ट्रक ड्राइवर ने आरटीओ टीम द्वारा अचानक रोकने के लिए बीच में आना कारण बताया। इस हादसे के बाद मौके पर ड्राइवरों ने अपना विरोध शुरू कर दिया जिसके चलते यातायात प्रभावित हुआ। इससे करीब आधा किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जाम को खुलवाया।

### जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । जल संरक्षण की दिशा में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को जोधपुर जिले की 14 पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में बने तालाबों पर जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत शिकारपुरा के गवाई तालाब पर आयोजित हुआ, जिसमें 1500 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर जल संरक्षण शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर जिला परिषद जोधपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार हमें जल का महत्व समझना होगा। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने गांव के तालाबों की स्वच्छता बनाए रखने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में गवाई तालाब पर उत्सव सा माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक पटेल, प्रधान प्रतिनिधि हनुमान सिंह राजपुरोहित, सरपंच शिकारपुरा, अति मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणपत लाल सुथार, अति मुख्य अभियंता भागीरथ विश्नोई, विकास अधिकारी कंवर लाल, अधिशाषी अभियंता अब्दुल हमीद, तहसीलदार लूणी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अंतराष्ट्रीय महासम्मेलन पर चर्चा की

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा शहर के समदडी रोड स्थित जगदंबा मंदिर में 23 सितंबर को कोटा की धरा पर आयोजित होने वाले रावणा राजपूत समाज के अंतराष्ट ीय महासम्मेलन के लिये जिलाध्यक्ष जब्बरसिंह सोढा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें कोटा जिले में होने वाले समाज के कार्यक्रम को लेकर बालोतरा जिले के धारूसिंह तंवर साजियाली को जिला कार्यक्रम संयोजक बनाया गया तथा कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई व समाज के लोगो द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया व आगामी नवरात्रा के पर्व को लेकर भी चर्चा हुई बैठक में जिला महामंत्री वीरसिंह चौहान खट्टू, कोषाध्यक्ष जालमसिंह चांदेसरा, समाज के वरिष्ठ हरिसिह जैतमाल, सावलसिंह गोयल, नारायणसिंह चौहान, धारुसिंह तंवर रामसिंह पचपदरा, एडवोकेट दिलीपसिंह सोढा, महेंद्रसिंह सोढा, महिपालसिंह, भवानीसिंह, गोविंदसिंह आदि उपस्थित रहे।

### शौकत जुलूस कमेटी का कार्य देखेंगे

**जालोर**, (कासं)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस कमेटी जालोर की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें अध्यक्ष इरफान खान नायक द्वारा नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष यामीन खान लौहार का सड़क दुर्घटना में पैर फैक्चर होने से कमेटी का कार्यभार शौकत खान लौहार संभालेंगे। जुलूस कमेटी के कार्यभार अध्यक्ष शौकत खांन लौहार ने व्यवस्थाओं को लेकर आसीफ खोखर, इमरान खान सिलावट, इखलाक मेहर, रईस खोखर, हाऊन खान लौहार, जफर खांन पिंजारा, युनूस मण्डोरी, अयुब अली चुडीघर को जुलूस की व्यवस्था देखरेख का जिम्मा सौपा गया। ईद मिलादुन्नबी का जुलूस 16 सितम्बर को दरगाह गैबनशाह गाजी दरगाह से रवाना होगा। वही दोपहर दो बजे बाद जामा मस्जिद के वसी मैदान में तकरीर का प्रोग्राम होगा।

### विद्यालय में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर निकटवर्ती गांव मीठन के राजकीय विद्यालय में जनसहयोग राशि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एवं प्रधानाध्यापक कानाराम कलबी ने उपस्थित जनो एवं ग्रामवासियों का आभार जताया। एस एम सी अध्यक्ष अर्जुन कुमार कोली, उपाध्यक्ष शंकर लाल मेघवाल, एसएमसी सदस्य हंसाराम कोली, रमेश कुमार मेघवाल, भारमल, हरजीराम, प्रवीण कुमार, बदनलाल, हीराराम, गणेशराम, ताराराम,जयंति लाल, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

# देवझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी को पालकी में बैठाकर जलाशयों के पानी से स्नान कराया



पाली शहर में सिरेघाट पर रेवाड़ियों का मेला लगा। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं) । भाद्रपद शुक्ल की एकादशी शनिवार को देवझूलनी एकादशी पारंपरिक तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर ठाकुरजी को पालकी में बैठाकर गाजे-बाजों, ढोल नगाड़ों के साथ जयकारों के साथ जलाशयों पर ले जाकर स्नान कराया गया।

भाद्रपद शुक्ल की एकादशी को देवझूलनी और जलझूलनी एकादशी भी कहा जाता है। शनिवार को यह पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। आज श्रद्धालुओं ने एकादशी का व्रत भी रखा। साथ ही मंदिरों में दर्शन कर दान-पुण्य किया। एकादशी में पर आज शहर में कई स्थानों पर रेवाडी निकाली गई। जूनी धान मंडी स्थित गंगश्यामजी मंदिर से ठाकुरजी को रानीसर जलाशय ले जाया गया जहां नए पानी से भगवान को नहलाया गया। फिर पूजन-आरती कर वापस रेवाड़ी गंगशयाम मंदिर लाई गई। इसके साथ ही शहर के अन्य मंदिरों से ठाकुरजी की रेवाडी निकाली गई।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जलझूलनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु जो कि चातुर्मास के दौरान योग निद्रा में होते हैं, वे शयन के दौरान करवट बदलते हैं। स्कंद पुराण में इस बात का जिक्र किया गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस एकादशी के व्रत को करने से वाजपेय यज्ञ के समान पुण्यफल की प्राप्ति होती है। मान्यता यह भी है को जो भक्त भाद्रपद शुक्ल एकादशी का व्रत और पूजन करते हैं, उन्हें ब्रह्मा, विष्णु सहित तीनों लोकों में पूजन का फल प्राप्त होता है।

## सिरे घाट पर लगा रेवाड़ियों का मेला

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में जल झूलनी ग्यारस पर पानी दरवाजा स्थित सिरे घाट पर रेवाड़ियों का मेला लगा।

रविवार 5:00 से ही घाट पर विभिन्न समाजो मोहल्ला,की रेवाड़ियां बैंड बाजे ढोल धमाकों के साथ घाट पर पहुंची। जहां पानी दरवाजे से घाट तक सैकड़ो महिलाएं दर्शन के लिए कतार बंद खड़ी थी। भगवान की रेवाड़ी में फल फ्रूट चढ़ाए गए। कई महिल-पुरुष अपने घरों से ठाकुर जी को थाली में लाकर तालाब के पानी में स्नान करवाया। तालाब के घाट पर सभी पुजारी ने अपने-अपने भगवान को थाली में रखकर स्नान करवाने के बाद वापस रेवाड़ी में बैठकर पूजा की और हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, जयकारों के साथ रेवड़ियां रवाना हुई।

करीब 2 घंटे लगे मेले में जबरदस्त भीड़ रही। यहां पर माली समाज, घाची समाज, दर्जी, मालवीय लोहार, ब्राह्मण स्वर्णकार, अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, वैष्णव समाज, ब्राह्मण समाज, जांगिड़ समाज सहित सभी समाज की रेवाड़ियां घाट पर पहुंची।

## ठाकुरजी की सवारी निकाली

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर में देवझूलनी एकादशी को लेकर भगवान ठाकुरजी के मंदिर से ठाकुरजी की सवारी निकाली गई।

भगवान श्रीकृष्ण मंदिर से देव झुलनी एकादशी को लेकर दिनभर भक्तो का रेला लगा रहा। शहर के विभिन्न ठाकुरजी मंदिर से रेवाडी निकाली गई। रेवाडी शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई सुन्देलाव तालाब पहुंची। जहां भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान भक्तजन हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की जयकारे से फिंजा गुंजायमान हो उठी। सुन्देलाव तालाब पर भक्तों की काफी भीड़ नजर आई।

## सायला में गाजे बाजे संग निकाली रेवाड़ी

**सायला**, (निसं)। सायला नगर के ठाकुरजी मन्दिर में शनिवार शाम को देवझूलनी एकादशी पर गाजे बाजे के साथ उत्साह से रेवाड़ी निकाली गई।

इस मौके मन्दिर प्रांगण में पुजारी नरपतदास वैष्णव द्वारा रेवाडी में भगवान ठाकुरजी की मूर्तियां को श्रृंगारित कर विराजमान किया गया। इसके बाद ठाकुरजी मन्दिर से ढोल ढमाकों के साथ रेवाडी रवाना हुई, जो पुराना बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस रोड होती हुई निम्बोरानाथ महादेव मन्दिर पहुंची। जहां पर भगवान को स्नान करवाया कर आरती की गई। वही रेवाडी में महिलाएं मंगलगीत गाती हुई चल रही थी। युवा डीजे की सुमधुर स्वरलहरियों पर अबीर गुलाल उडाते हुए झूमते हुए चल रहे थे। इसके बाद पुन: रेवाडी ठाकुरजी के जयघोष के साथ रवाना होकर मन्दिर पहुंची। मन्दिर में ठाकुरजी की महाआरती का आयोजन हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर शीश नवाकर खुशहाली की कामना की।

वही सभी को प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान छोगाराम वैष्णव, पुखराज, बाबूदास, जगदीशदास, श्याम वैष्णव, प्रकाश वैष्णव, किशन भारती, त्रिभुवन त्रिवेदी, श्रवणदास, अशोकदास, चतराराम सुथार, नवाराम, दिलीपदास, भुदाराम, उम्मेदाराम, मदनलाल जीनगर, कन्हैयालाल, रमेश सुथार समेत काफी श्रद्धालु मौजूद थे।



सायला नगर के ठाकुरजी मन्दिर से रेवाड़ी निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

# भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य कर रही : महंत प्रतापपुरी

**पोकरण**, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों जनसुनवाई कर आमजन के अभाव अभियोग सुनकर भाजपा सदस्यता अभियान में जुडने का आव्हान किया।

विधायक के निजी सहायक गुलाब सिंह राठौड़ ने बताया कि शनिवार को विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने फलसूंड, श्यामपुरा, बलाड, भणियाणा, झलोडा व मेघरीखसर गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जन सुनवाई कर आमजन के अभाव अभियोग सुन निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक ने कहा की देशवासियों की आकांक्षाओं की उडान को नई ऊंचाई देने के लिए हम कृतसंकल्प हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना से काम हो रहा है। पार्टी बहुत सहन करके यहां तक पहुंची है। बीजेपी एकमात्र दल है, जो अपनी पार्टी के संविधान के अनुसार अक्षरश- लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपने कार्य का विस्तार कर रहा है और जन-सामान्य की आशा, आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपने आप को निरंतर योग्य बनाता रहता है। महंत ने कहा कि आजकल ज्यादातर पार्टियां परिवारवाद या किसी एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती हैं, लेकिन भाजपा विचारधारा वाली पार्टी है जो अंत्योदय के सिद्धांत पर काम करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों की तारीफ की और कहा कि यह सरकार लगातार जनता के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, भाजपा राजनीति राज के लिए नहीं, देश बदलने के लिए करती हैं। भाजपा हर व्यक्ति को उसका हक दिलाने के लिए काम करती है। इस दौरान कई लोगों की परिवेदनाओं का मौके पर ही निस्तारण किया। पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुख्य सचेतक गर्ग ने कार्यों का लोकार्पण किया



जालोर की शास्त्री नगर कॉलोनी में विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर नगर परिषद जालोर के वार्ड नंबर 37 में शास्त्री नगर कॉलोनी और अम्बेडकर सभा स्थल में नगर परिषद द्वारा निर्मित सीसी रोड व चार दिवारी सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते विधानसभा मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग व नगर परिषद सभापति गोविंद टाक उपस्थित थे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पार्षद व भाजपा नगर महामंत्री दिनेश महावर ने की।विशिष्ठ अतिथि के नाते नगर परिषद उपसभापति अम्बालाल व्यास,भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, टेक्सी यूनियन जिलाध्यक्ष अम्बालाल माली,भाजपा पूर्व ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ललित महावर, कार्यवाहक आयुक्त शिवदान जांगिड उपस्थित थे। लोकार्पण से पूर्व आखरिया हनुमानजी मंदिर में दर्शन किये तथा प्रकाश महाराज ने पूजा अर्चना करवाई। वहीं मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जनहित के विकास कार्यों के लिए हमेशा भाजपा सरकार तैयार रहेगी।हम सभी मिलकर बेहतर कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष ओटाराम सोलंकी, नगर महामंत्री रतन सुथार, जिला कार्यालय मंत्री डिम्पलसिंह, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, पार्षद हीराराम देवासी, महेश भट्ट , देवेंद्र आचार्य सहित नगर परिषद स्टॉफ वार्ड वासी उपस्थित थे।

# क्षत्रिय युवक संघ का प्राथमिक प्रशिक्षण शुरू



जालोर के पास भंवरानी में क्षत्रिय युवक संघ के प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर क निकटवती भंवरानी हनुमान बगीची बाला में क्षत्रिय युवक संघ का आहोर मण्डल का चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ।

शिविर संचालक इश्वरसिंह सरण का खेडा ने सभी का तिलक द्वारा स्वागत करते हुए कहा की वर्तमान समय में हम इस बात को भूल गये कि हमने मनुष्य योनी और क्षत्रिय के घर में जन्म लिया है और यह मनुष्य योनि में बहुत मुश्किल से मिलता है। हमको भगवान ने तो श्रेष्ठ बना दिया परन्तु हम स्वयं उस श्रेष्ठता का रास्ता भूल गये हम सुंदर मनुष्य बने, श्रेष्ठ बने। इसके लिए यह अभ्यास करवाया जा रहा, इस शिविर में हमको यह अभ्यास मनुष्य बनाने का ही है।

आहोर मण्डल प्रमुख राजेन्द्रसिंह भवरानी ने बताया की इस शिविर में बाला,धींगाणा,भवरानी, गुंडा रामा, कोराना,राजनवाडि उण रातडी खण्डप आकोरापादर थुम्बा जोगावा पांचोटा देवान कुलथाना तोडमी मोरुआ रटुजा आहोर नगर सहित आस -पास के 141 स्वयसेवक भाग ले रहे हैं।

जिनको प्रान्त प्रमुख खुमानसिंह दुधिया, मदनसिंह थुम्बा, अमरसिंह ऊण, मोरध्वजसिंह बाला, जयसिंह आकोरापादर, पृथ्वीराज धीगाणा, वांग सिंह पांचोटा नरेंद्रसिंह बाला सहित दर्जनों घट और पथक शिक्षक शिक्षण दे रहे हैं।

शिविर की व्यवस्था ठाकुर गोरधनसिंह बाला व पूरा जोधा परिवार इस व्यवस्था में लगा हुआ है। संघ के इस शिविर में सुबह प्रभात जागरण से प्रारंभ होकर रात्रि विश्राम तक की पूरी दिनचर्या केंद्र द्वारा निर्धारित पाठयक्रम पर आधारित रहती है।

## डीपी में करंट फैलने से किसान की मौत

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमना के निकटवर्ती ग्राम पंचायत शोभाला जेतमाल बिश्नोई की ढाणी में करंट से किसान की मौत हो गई। विद्युत विभाग के डीपी में करंट फैलने को लेकर पूनमाराम पुत्र मुकनाराम जाती प्रजापत कृषि कार्य करते हुए खेत में लगी हुई कृषि कनेक्शन की डीपी के पोल के पास लगी हुई ताण में करनट आने से पूनमाराम पुत्र मुकनाराम जाति प्रजापत की मृत्यु हो गई।

डीपी के पास में बाजरी की फसल में फवारा चल रहा था ।डीपी के आसपास करंट होने के कारण मेरे पिताजी को करंट आ गया।

पुखराज पुत्र पूनमाराम जाति प्रजापत ने बताया कि धोरीमना अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

रात्रि को मोसरी में रखवा दिया और शनिवार सुबह मे पोस्टमार्टम करके परिवार को सुपुर्द किया।

घटना की जांच पुलिस कर रही है। मामले को लेकर जानकारी पुखराज पुत्र पूनमाराम जाति प्रजापत ने दी।

## दौलपुरा विद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौलपुरा में 14 सितम्बर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम प्रभारी मनोज नालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय विद्यालय के प्रांगण में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शनिवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ, निबन्ध लेखन, वाद-विवाद, पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता में सहभागिता की गई।

संस्था प्रधान राजविरेंद्र सिंह ने राजपुरोहित ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट भाषा है। हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन हिंदी को हमारे देश की राजभाषा बनाया गया था।

विद्यालय के हिंदी विषय के वरिष्ठ अध्यापक सुंदर परमार ने कहा कि यह दिन हमें हिंदी के महत्व को समझने और इसका सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है। हमें हिंदी दिवस के जरिये हिंदी भाषा के प्रसार और विकास के लिए काम करना चाहिए।

हिंदी अध्यापक राजेश कुमार गोयल ने कहा कि विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ हिंदी भाषा कौशल को बढावा देने के लिए कार्यशालाएं और सेमिनार भी आयोजित किए जाने चाहिए।

अध्यापक प्रदीप कुमार गर्ग ने कहा कि हिंदी दिवस भारत का एक राष्टीय दिवस है जो हर साल 14 सितंबर को मनाया जाता है क्योंकि 14 सितंबर 1949 को हिंदी भारत की आधिकारिक भाषा बन गई थी।

कार्यक्रम में संस्था प्रधान राजविरेंद्र सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ अध्यापक मनोज नालिया, तुलसीराम सैनी, भवानी सिंह, सुंदर परमार, अध्यापिका पिंकी जांगिड, अध्यापक राजेश कुमार गोयल, शैतान सिंह देवडा, प्रदीप कुमार गर्ग, रामाराम सोलंकी, रत्तीलाल गरासिया, किशोरराम चौधरी, सुरेश बुल्डक, भरत कुमार कोली, भूराराम चौधरी, बाबुलाल कोली, गणेश राम सहित समस्त स्टॉफ व विद्यालय के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।